# अमेरिकी टैरिफ से भारतीय निर्यातकों को असर कम

**नई दिल्ली, 3 अप्रैल. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपने देश में भारतीय वस्तुओं पर 27 प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले के बाद अर्थशास्त्रियों और अर्थव्यवस्था पर**

**फार्मा और सेमीकंडक्टर पर कोई टैरिफ नहीं**

**वैश्विक व्यापार संतुलन पर पड़ेगा असर**

**नजर रखने वालों का मानना है कि भारतीय निर्यातकों को अपेक्षाकृत कम परेशानी का सामना करना पड़ेगा.**


एशिया के प्रमुख उभरते बाजारों में फिलीपींस को छोड़कर भारत के टैरिफ सबसे कम हैं.आर्थिक विशेषज्ञों के अनुसार, भारत पर इसका कम प्रभाव




पड़ेगा क्योंकि इसकी अर्थव्यवस्था चीन, जापान, वियतनाम और श्रीलंका जैसे निर्यात-प्रधान देशों की तुलना में अंतर्मुखी है. इससे अमेरिकी मुद्रास्फीति और वैश्विक व्यापार गतिशीलता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है. बैंक ऑफ बड़ौदा में अर्थशास्त्र विशेषज्ञ सोनल बधान ने कहा, भारत के निर्यातकों को अपेक्षाकृत कम परेशानी का सामना करना पड़ेगा क्योंकि एशिया के प्रमुख उभरते बाजारों में भारत से अमेरिकी आयात पर टैरिफ सबसे कम (26%+10% बेसलाइन) है, सिवाय फिलीपींस (17%+10% बेसलाइन)

> ईवाई इंडिया के टैक्स पार्टनर कुणाल चौधरी ने कहा कि अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले भारतीय सामानों पर लगाए गए टैरिफ भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए दोहरी चुनौती पेश करते हैं. वहीं, चीन, थाईलैंड और वियतनाम की तुलना में भारतीय वस्तुओं पर अपेक्षाकृत कम टैरिफ भारतीय निर्यात के लिए अनुकूल मध्यस्थता अवसर पैदा करते हैं. हालांकि, दूसरी ओर, भारतीय निर्माताओं को अन्य बाजारों में तीव्र प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि जो देश पारंपरिक रूप से अमेरिकी बाजार पर ध्यान केंद्रित करते हैं, वे संभावित रिक्तता को भरने के लिए अपने प्रयासों को अन्य देशों की ओर पुनर्निर्देशित कर सकते हैं.

के. वहीं, टैरिफ घोषणाओं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उद्योग मंडल एसोचैम ने कहा कि टैरिफ से वैश्विक व्यापार में बड़ा पुनर्गठन आएगा. राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कल रात घोषित टैरिफ से वैश्विक व्यापार और विनिर्माण मूल्य श्रृंखलाओं में बड़ा पुनर्गठन होगा. एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने कहा, भारत को 10 प्रतिशत आधारभूत शुल्क के अतिरिक्त 26 प्रतिशत टैरिफ दरों के बीच में रखा गया है, जिसका वास्तविक प्रभाव जानने के लिए मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है. पिरामल समूह के मुख्य अर्थशास्त्री देबोपम चौधरी ने कहा कि इन सबके बीच, भारत जैसी आवक पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं को बैंक तरलता पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि वे घरेलू खुदरा उधारकर्ताओं और छोटे व्यवसाय मालिकों को स्वतंत्र रूप से उधार दे सकें, जिससे घरेलू खपत बरकरार रहे.



# भारतीय ऑफिस मार्केट में रिकॉर्ड उछाल

**मुंबई, 3 अप्रैल.** रियल एस्टेट फर्म नाइट फ्रैंक इंडिया द्वारा गुरुवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत के टॉप आठ ऑफिस मार्केट में लेन-देन में शानदार वृद्धि देखी गई, जो कि 2025 की पहली तिमाही में 28.2 मिलियन वर्ग फीट तक पहुंच गई, जो किसी एक तिमाही में दर्ज किया गया अब तक का सबसे अधिक रिकॉर्ड है.

मजबूत आर्थिक गति से प्रेरित, ऑक्यूपायर आत्मविश्वास ने लेन-देन की मात्रा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया.रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सालाना आधार पर 74 प्रतिशत की शानदार वृद्धि है, जो कि 2024 की तीसरी तिमाही में सेट पिछले पीक से 48 प्रतिशत अधिक है.बेंगलुरु ने 2025 की पहली तिमाही में 12.7 मिलियन वर्ग फीट लेन-देन दर्ज कर ऑफिस मार्केट विस्तार का नेतृत्व किया, जो कुल ऑफिस स्पेस अधिग्रहण का 45 प्रतिशत था.बेंगलुरु में कार्यालय लेन-देन में 2024 की पहली तिमाही की

**74त्न वार्षिक वृद्धि के साथ नया रिकॉर्ड**

**बेंगलुरु का 12.7 मिलियन वर्ग फीट लेन-देन**

तुलना में 259 प्रतिशत की भारी वृद्धि दर्ज की गई. बेंगलुरु में लेन-देन किए गए क्षेत्र का 58 प्रतिशत या 0.7 मिलियन वर्ग मीटर (7.4 मिलियन वर्ग फीट) हिस्सा पहले किए गए कमिटमेंट के कारण था.

> कार्यालय लेन-देन मुख्य रूप से ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) द्वारा संचालित थे, जिसमें 12.4 मिलियन वर्ग फीट लेन-देन दर्ज किए गए, जो कुल बाजार हिस्सेदारी का 44 प्रतिशत था.5.5 मिलियन वर्ग फीट के साथ थर्ड-पार्टी आईटी सेवाओं ने 19 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की, इसके बाद 5.5 मिलियन वर्ग फीट के साथ फ्लेक्स ऑपरेटरों का स्थान रहा, जिन्होंने 20 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की.बेंगलुरु ने जीसीसी और थर्ड-पार्टी आईटी सेवाओं में लेन-देन की मात्रा पर दबदबा बनाया, जहां शहर में क्रमशः 8 मिलियन वर्ग फीट और 2.1 मिलियन वर्ग फीट लेन-देन हुआ.

# सोना और चांदी की घटी कीमत

### सोना रु. 92,980 प्रति 10 ग्राम, चांदी रु. 1,04,900 प्रति किलोग्राम



**नई दिल्ली, 03 अप्रैल.घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है. इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 92,830 रुपये से लेकर 92,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है.**

इसी तरह 22 कैरेट सोना 85,090 रुपये से लेकर 85,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. इसी तरह चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,04,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है.

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 92,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 85,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 92,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 85,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 92,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 85,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है.

# मॉयल का रहा ऐतिहासिक प्रदर्शन

**18 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12,000 मीट्रिक टन उत्पादन**

**सीएमडी अजित सक्सेना ने दी टीम को बधाई**

**नई दिल्ली, 3 अप्रैल. भारत की प्रमुख मैंगनीज अयस्क उत्पादक कंपनी, मॉयल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करते हुए इतिहास रच दिया है. कंपनी ने उत्पादन, बिक्री, फेरो मैंगनीज उत्पादन और अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं.**

वित्त वर्ष 2025 के दौरान, मॉयल ने 18.02 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 2.7त्न अधिक है और कंपनी के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक उत्पादन है. बिक्री के मोर्चे पर भी कंपनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15.87 लाख टन मैंगनीज अयस्क बेचा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है. यह भी कंपनी का अब तक का सर्वश्रेष्ठ बिक्री आंकड़ा है.




**प्रबंधन ने दी बधाई, भविष्य में और तेज विकास का भरोसा**

मॉयल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक,अजित कुमार सक्सेना ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरी मॉयल टीम को बधाई दी. उन्होंने कहा कि यह शानदार प्रदर्शन कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है.सक्सेना ने आने वाले वर्ष में विकास की गति को और तेज करने का विश्वास भी व्यक्त किया.

**फेरो मैंगनीज उत्पादन और अन्वेषण में भी रिकॉर्ड-** मॉयल ने फेरो मैंगनीज के उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की. वित्त वर्ष 2025 में 12,000 मीट्रिक टन फेरो मैंगनीज का उत्पादन किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है.

## विकसित भारत के लिए स्टार्टअप को अधिक फंडिंग जरूरी - एसोचैम

**नयी दिल्ली, 03 अप्रैल.**उद्योग मंडल एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने कहा है कि देश का 'विकसित भारत' का दृष्टिकोण मूल रूप से वैश्विक प्रतिस्पर्धा और नवाचार पर निर्भर करता है, जिसके लिए कृषि, स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय समावेशन जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए स्टार्टअप को काफी अधिक वित्तपोषण की आवश्यकता होती है.

एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया के अध्यक्ष नायर ने विशेष रूप से कृत्रिम मेधा और रक्षा में 'डीपटेक' टिकाऊ समाधान बनाने की दिशा में रणनीतिक रूप से पूंजी लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया.

**CHANGE OF NAME**

I, Mohd Asad Khan, father of minor daughter Hazel, residing at B-90, Housing Board Colony, Kohefiza, Bhopal, hereby declare that her name has been changed from Hazel to Hazel Khan. She shall henceforth be known as **Hazel Khan** for all purposes, including passport.

**न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-कोलार, भोपाल**

क्रमांक-2672/अ-6/2024-2025

**इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस आवेदक ताज उद्दीन आत्मज मोईन उद्दीन मिश्रा निवासी भोपाल ने आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109-110 मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम बाग सेवनिया स्थित भूमि खसरा 8 जिसका क्षेत्रफल 0.32 एकड़ का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 11/10/2000 के आधार पर नामांतरण किए जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है.

इस संबंध में किसी व्यक्ति /संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के 15 दिन के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें. समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

आज दिनांक 21/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

सील

**नायब तहसीलदार**
**तहसील-कोलार भोपाल**

# भारत में गिग जॉब्स की तेज़ी से बढ़त

### वित्त वर्ष 2024-25 में हुआ 17 प्रतिशत का इजाफा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 3 अप्रैल.** भारत का जॉब मार्केट बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है. वित्त वर्ष 2024-25 में व्हाइट-कॉलर गिग नौकरियों में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई.

फाउंडिट की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में भारत में 68 लाख से अधिक पेशेवर व्हाइट-




कॉलर गिग वर्कफोर्स का हिस्सा हैं, जिनमें से अधिकांश (66 प्रतिशत) कॉर्पोरेट, बहुराष्ट्रीय कंपनियों और स्टार्टअप कंपनियों के माध्यम से काम करते हैं. बाकी के 34 प्रतिशत कंसल्टेंट, स्टाफिंग फर्म्स और फ्रीलांस प्लेटफॉर्म में काम कर रहे हैं.रिपोर्ट में आगे कहा गया कि गिग अर्थव्यवस्था का विस्तार कई उद्योगों में हो गया है, जिसमें आईटी सॉफ्टवेयर और सेवाएं प्रमुख क्षेत्र बने हुए हैं और मार्च में गिग नियुक्तियों में इनका योगदान 32 प्रतिशत रहा.

## रुपया 26 पैसे टूटकर 85.78 प्रति डॉलर पर

**मुंबई,03 अप्रैल.**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी शुल्क की घोषणा के बाद बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 26 पैसे टूटकर 85.78 प्रति डॉलर पर आ गया.अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने वैश्विक स्तर पर अमेरिकी उत्पादों पर लगाए गए उच्च शुल्कों का मुकाबला करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए करीब 60 देशों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है.

# भारतीय शेयर बाजार गिरा

**322 अंक पर टूटा सेंसेक्स**

**82.25 अंक से गिरा निफ्टी**

**मुंबई, 3 अप्रैल (यूएनआई) अमेरिकी सरकार द्वारा कथित तौर पर भारतीय आयात पर 26 प्रतिशत शुल्क लगाने की खबरों के बीच बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 322.08 अंक फिसलकर 76,295.36 पर बंद हुआ.**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 82.25 अंक गिरकर 23,250.10 पर आ गया.बुधवार को 500 से अधिक अंकों की शानदार रिकवरी दर्ज करने के बाद, बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 806 अंक लुढ़ककर 75,811.86 अंक पर खुला. कारोबार के दौरान यह 810 अंक गिरकर 75,807.55 के दिन के निचले स्तर तक चला गया था.

**उपनाम परिवर्तन**

**मेरा** पूर्व में नाम सूनीला सरन है. मेरा सही परिवर्तित उपनाम सुनीला श्रीवास्तव पत्नी राजीव श्रीवास्तव निवासी एम आई जी-48, माता मंदिर हर्षवर्धन नगर कालोनी भोपाल के नाम से जाना व पहचाना जावे. दोनों मेरे ही नाम है.

**नाम परिवर्तन**

मैं गिरीश कुमार आत्मज श्री मोहन लाल वर्मा, आयु वयस्क, निवासी- मकान नंबर-291, सेक्टर- 9-बी, साकेत नगर, एच.ई. हॉस्पिटल, हुजूर, भोपाल म.प्र.-462024, आधार नंबर- 4367-4258-1645 निम्नलिखित शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं. मध्यप्रदेश का मूल निवासी हूं.
2. यह कि मैं स्वास्थ्य विभाग में उप संचालक के पद पर कार्यरत हूं.
3. यह कि मेरा सही, सत्य एवं वास्तविक नाम गिरीश कुमार है, जो कि मेरे समस्त आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड इत्यादि में अंकित है.
4. यह कि मेरी सर्विस बुक में त्रुटिवश मेरा नाम गिरीश कुमार वर्मा अंकित हो गया है.
5. यह कि गिरीश कुमार एवं गिरीश कुमार वर्मा यह दोनों ही नाम मेरे हैं, जो कि मैं एक ही व्यक्ति हूं.
6. यह कि मेरी व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर मेरी सर्विस बुक में सही, सत्य एवं वास्तविक नाम गिरीश कुमार अंकित जावे. अगर भविष्य में उपरोक्त नाम संबंधी वाद-विवाद होता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी.

# संकट में झारखंड के 14 राजनीतिक दल

**रांची.** राज्य में कुछ ऐसे पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं, जिनका कोई संपर्क सूत्र है ही नहीं, जिसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग उनसे कोई संपर्क स्थापित ही नहीं कर पा रहा है. अब इन्हें असूचिबद्ध करने की पहल की जा रही है.


ऐसे 14 राजनीतिक दलों की सूची बनायी गई है जिसके बारे में भारत निर्वाचन आयोग को जानकारी दी गई है. बताया गया है कि इन दलों के द्वारा पंजीकृत पता उपयोग में है ही नहीं, साथ ही ऐसे राजनीतिक दल नियमानुसार कार्यरत भी नहीं हैं. इन पार्टियों तक न तो निर्वाचन से संबंधित जानकारियां व भारत निर्वाचन आयोग का दिशा-निर्देश पहुंच पा रहा हैं और न ही इनके सुझाव निर्वाचन कार्यालय तक पहुंच पाते हैं. मालूम हो कि पहले भी वर्ष 2022 में इस प्रकार से निष्क्रिय पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन के उचित प्रावधानों के तहत असूचीबद्ध करने का भी कार्य किया जा चुका है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने तीन दिन पहले ही निर्वाचन संबंधी विषयों पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर कई दिशा-निर्देश दिए थे.

# मुकेश सहनी से मछुआरों का होगा मोह भंग!

### मोदी ने दिया साइकिल और आइस बॉक्स वाला खास गिफ्ट

**पटना. प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत बिहार के कई मछुआरों को मत्स्य विपणन किट, साइकिल और आइस बॉक्स का वितरण किया गया. इस योजना के तहत लाभ मिलने से मछुआरा समाज के लोगों में खुशी की लहर है.**

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार के प्रति आभार प्रकट किया. इस मौके पर लाभार्थियों ने कहा कि इस योजना से उन्हें मछली के सुरक्षित और बेहतर विपणन में सहायता मिलेगी, जिससे उनकी आय में भी वृद्धि होगी. इस योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए मत्स्य निदेशालय, पटना के उप निदेशक मोहम्मद राशिद फारूकी ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत कुल 38 प्रकार के अनुदान दिए जाते हैं. इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों को 60 प्रतिशत अनुदान मिलता है, जबकि सामान्य वर्ग के लोगों को 40 प्रतिशत और सभी महिलाओं को 60 प्रतिशत तक की आर्थिक सहायता दी जाती है. फारूकी ने कहा, मछुआरों को 70 प्रतिशत अनुदान पर साइकिल और आइस बॉक्स दिया गया है, ताकि वे मछली को बेहतर हाइजीन तरीके से बेच सकें.




**भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद**

वी. रामलिंगस्वामी भवन, नई दिल्ली

विज्ञापन संख्या .आईसीएमआर/एससी-एफ/01/आईटीआर/2025-कार्मिक

**रिक्तियों का परिपत्र**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के अधीन एक स्वायत्त संगठन भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) 18 अप्रैल, 2025 (विस्तारित) शाम 5.30 बजे तक आईसीएमआर मुख्यालय, नई दिल्ली में इनोवेशन एंड ट्रांसलेशन रिसर्च (आईटीआर) प्रभाग में वैज्ञानिक-एफ के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है, वेतन मैट्रिक्स के स्तर 13ए (131100-216600 रुपये) में पूर्व-संशोधित जीपी- 8900 रुपये और सीधी भर्ती के तहत नियमित आधार पर नियुक्ति के लिए आईसीएमआर कर्मचारियों को स्वीकार्य सामान्य भत्ते.

विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया ICMR की वेबसाइट www.icmr.nic.in या https://recruit.icmr.org.in पर जाएं.

**रीमा शर्मा द्वारा हस्ताक्षरित**
**दिनांक- 02-04-2025 18:29:19**
**सहायक महानिदेशक (प्रशासन)**

**CBC-**17152/12/0001/2526

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग क्र 2**
**13-ए शेड बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल म.प्र.**

**निविदा सूचना**

**सूचना प्रकाश क्रमांक 01/व.ले.लि./2025-2026** **भोपाल, दिनांक 2/4/2025**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है.

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | एनआईटी क्र. | कार्य का नाम | ऑफसेट मूल्य | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_PWDRB_414046_1 | 01/SAC/2025-26 | E-Auction of Various unserviceable Vehicle / Machninery under PWD (E/M) Sub Division Vidisha | 1578000 | 31560 | 2000 |

निविदा के विस्तृत दस्तावेज एवं नियम व शर्तें वेबसाइट https://mptenders.gov.in से निःशुल्क डाउनलोड है. निविदाकार को निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि केवल ई-भुगतान के माध्यम से ऑनलाइन ही जमा करना होगा. निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं बिड सबमिशन की अंतिम तिथि दिनांक 15/4/2025 सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है. ऑनलाइन नीलामी की प्रारंभ तिथि 21/4/2025 सुबह 10.30 बजे से एवं अंतिम तिथि दिनांक 21/4/2025 सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है. किसी प्रकार के परिवर्तन/ संशोधन का प्रचार-प्रसार केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जावेगा. निविदा में प्राप्त सभी बिड/ प्रस्ताव को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग के पास सुरक्षित रहेगा. अनुपयोगी सामग्री उल्लेखित उपसंभाग के संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं उपयंत्री के मोबाइल नंबर से संपर्क करें. अनुविभागीय अधिकारी वि./यां. उपसंभाग विदिशा मो.नं. 8308383406 एवं उपयंत्री मोबाइल नंबर 8889473396 से संपर्क कर दिनांक 3/4/2025 से 15/4/2025 तक दोपहर 12 बजे से 5 बजे के मध्य देखी जा सकती है.

**G11095/25** **कार्यपालन यंत्री, लोनिवि (वि./यां.) संभाग क्र. 2, भोपाल**

**JANA SMALL FINANCE BANK**
(A Scheduled Commercial Bank)

**रजिस्टर्ड ऑफिस: द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 व 12/2-बी, ऑफिस दोमलुर, कोरामंडला इनर रिंग रोड, नेक्सट टू ईजीएल बिजनेस पार्क, छलाघट्टा, बैंगलोर- 560071, ब्रांच ऑफिस- 131/01, ग्राउंड फ्लोर, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल, म.प्र.-462011**

**ई-नीलामी सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के प्रवर्तन के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना, प्रावधान नियम 8 (6) और 9 के प्रावधान के साथ पढ़ें**

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है. ऋणी को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिए गए खाते में गिरवी संपत्ति की ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) जैसा है जहां है और जैसा है जैसा है पर आयोजित किया जाएगा निर्धारित तिथि पर यहां के तहत.

| क्र. | लोन एकाउंट नं. | मूल देनदार/सह देनदार/ गारंटर का नाम | 13-2 नोटिस तिथि | कब्जा तिथि | वर्तमान बकाया | संपत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि ईएमडी रु. में | ई-नीलामी तिथि व समय | बिड जमा की अंतिम तिथि, समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 45499420000350 45499420001235 और 45499430000784 | 1. श्रीमती संगीता मालवीय पत्नी राजेश मालवीय 2. कु. याशिका मालवीय पुत्री राजेश मालवीय 3. श्री राजेश मालवीय आत्मज गुलाब चंद | 19-7-2024 | 6.3.2025 | रु. 19,24,685.17/- (रु. उन्नीस लाख चौबीस हजार छह सौ पिच्यासी और पैसा सत्रह मात्र) 7-3-2025 को | 12.4.2025 को 9.00 बजे से 5.30 बजे तक | रु. 16,02,000/- (रु. सोलह लाख दो हजार मात्र) | रु. 1,60,200/- (रु. एक लाख साठ हजार दो सौ मात्र) | 8-5-2025 को 11.00 बजे से 2.00 बजे तक | 7-5-2025 को 05.00 बजे से पहले जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमि. प्लाट नं. 131/01, ग्राउंड फ्लोर, एम.पी. नगर जोन-2, भोपाल मध्यप्रदेश-462011 |
| | **संपत्ति विवरण/अनुसूची**- आवासीय भूमि का वह पूरा टुकड़ा जिसमें प्लॉट नंबर 79 है, जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट (56.76 वर्ग मीटर) है. खसरा नंबर 1/1/5, 81/6 और खसरा नंबर 6/2/1/2/1, 81/6 का हिस्सा, प्रेम नगर, ग्राम बरखेड़ी खुर्द, पी.एच. नंबर 40 पर स्थित है. नगर निगम वार्ड नंबर 26 आर.एन.एम. 03, विकास खंड फंदा, तहसील हुजूर और जिला भोपाल (म.प्र.) से घिरा हुआ- पूर्व में- प्लॉट नंबर 91, पश्चिम में- कॉलोनी रोड, उत्तर में- प्लॉट नंबर 78 और दक्षिण में- प्लॉट नंबर 80. | | | | | | | | | |
| 2. | 45499420003293 | 1. श्री कमलेश आत्मज शंकर लाल 2. श्रीमती राधा बाई पत्नी शंकरलाल शर्मा | 6-12-2024 | 3.3.2025 | रु. 3,32,089.70 (रु. तीन लाख बत्तीस हजार नवासी और पैसा सत्तर मात्र) 21-3-2025 को | 12.4.2025 को 9.00 बजे से 5.30 बजे तक | रु. 2,47,500/- (रु. दो लाख सैंतालीस हजार पांच सौ मात्र) | रु. 24,750/- (रु. चौबीस हजार सात सौ पचास मात्र) | 8-5-2025 को 11.00 बजे से 2.00 बजे तक | 7-5-2025 को 05.00 बजे से पहले जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमि. प्लाट नं. 131/01, ग्राउंड फ्लोर, एम.पी. नगर जोन-2, भोपाल मध्यप्रदेश-462011 |
| | **संपत्ति विवरण/अनुसूची**- प्लॉट नं. 08 वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट (56.74 वर्ग मीटर), खसरा नंबर 53/1/1/1/1/1/1/1/1 का हिस्सा, पीएच. नंबर 38, यास्का होम्स, ग्राम पिपलिया रानी, पटवारी हल्का सुरैया नगर, आर.एन.एम. रतनपुर सड़क, तहसील कोलार और जिला भोपाल (एमपी) में स्थित है. चारों ओर- पूर्व में- सड़क, पश्चिम में- अन्य की भूमि, उत्तर में- प्लॉट नंबर 09 और दक्षिण में- प्लॉट नंबर 07 है. | | | | | | | | | |

**संपत्तियां 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' आयोजित की जा रही हैं और ई-नीलामी ऑनलाइन आयोजित की जाएगी. उपरोक्त संपत्ति की खरीद से संबंधित सभी भुगतान जना लघु वित्त बैंक के पक्ष में किए जाएंगे. नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स के माध्यम से आयोजित की जाएगी. 4 वेब पोर्टल https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com पर बंद होना. अधिक जानकारी के लिए और के लिए ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता मेसर्स से संपर्क कर सकते हैं.4 समापन; श्री विकास केटेले से संपर्क करें, संपर्क नंबर- 87126 37550. ईमेल आईडी- info@bankauctions.in / vikas@bankauctions.in. ई-नीलामी कार्यवाही में भाग लेने के लिए नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया जन लघु वित्त बैंक के अधिकारी श्री अजय नाइक (मो.) से संपर्क करें- नंबर 9960948687) और श्री महेंद्र ब्रम्हणे (मो. नंबर 9029290202) प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई बाधा नहीं है. हालांकि इच्छुक बोलीदाता उन्हें अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति के स्वामित्व, स्वामित्व के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए. कोई भी सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जायेगी. यह उपरोक्त नामित व्यक्तियों के लिए भी एक सूचना है बंधक संपत्तियों के लिए निर्धारित ई-नीलामी के बारे में उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता। उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को अद्यतन ब्याज सहित ऊपर उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए सूचित किया जाता है और नीलामी की तारीख से पहले सहायक खर्च, ऐसा न करने पर संपत्ति बेच दी जाएगी और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा.**

**दिनांक- 4-4-2025, स्थान- भोपाल** **ह./- प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**